प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## कृषि महाविद्यालय ने प्रौद्योगिक महाविद्यालय को 5–1 से हराया
## स्टाफ स्पोर्ट्स फुटबाल प्रतियोगिता शुरू

पन्तनगर। 19 मई 2023। विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में कृषि महाविद्यालय ने प्रौद्योगिक महाविद्यालय को 5–1 से हराया। खेल के शुरू में ही कृषि महाविद्यालय की टीम प्रौद्योगिक महाविद्यालय पर हावी रही। इसके कारण खेल के पहले मिनट में ही कृषि ने बेहतर तालमेल से पहला गोल कर बढ़त प्राप्त कर ली। कृषि महाविद्यालय के सेंटर फारवर्ड रमेश ओली ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 गोल किए। जबकि डा. एन.के. सिंह व हिमांशु जोशी ने 1–1 गोल किया। प्रौद्योगिक महाविद्यालय की ओर से खेल के अंतिम सत्र में महेश जोशी ने एक गोल किया। फुटबाल संयोजक डा. एन.के. सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 5 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमें इन दो टीमों के अलावा प्रशासनिक भवन, विद्युत विभाग व वेटनरी कालेज की टीमें भी शामिल हैं। रैफरी की मुख्य भूमिका तरून जबकि साइड रैफरी अशोक कुशवाहा व विजेन्द्र सिंह कुंवर रहे। इस अवसर पर फुटबाल संयोजक डा. एन.के. सिंह, सुदीश राय, अशोक कुशवाहा व पंकज सिंह आदि की विशेष भूमिका रही। फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जायेगा। स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सचिव प्रभाकर जोशी ने बताया कि वालीबॉल की 22 मई 2023 को बैडमिंटन, 25 व 30 मई 2023 से टेबिल टेनिस की प्रतियोगिताएं भी शुरू हो रही हैं।